अल्बर्ट के दांत का दर्द

बारबरा विलियम

चित्र के. चोराओ

हिंदी: जलज शर्मा





अल्बर्ट के दांत का दर्द

बारबरा विलियम
चित्र के. चोराओ
हिंदी: जलज शर्मा

किम के लिए

एक दिन अल्बर्ट नाम के कछुए ने कहा कि उसके दांत में दर्द है।

"यह असंभव है," उसके पिता ने अपने बिना दांतो के मुंह की तरफ इशारा करते हुए कहा।

"हमारे परिवार में आज तक किसी को भी दांत का दर्द नहीं हुआ।“

फिर भी अल्बर्ट को पूरा विश्वास था कि उसके दांत में दर्द है और उसे बिस्तर में आराम करने की आवश्यकता है।

"दांत दर्द से कौन डरता है?" उसके भाई होमर ने हंसते हुए कहा।

उसके पिता बोले, "देखो, होमर के दांत में दर्द नहीं है, मेरे दांत में दर्द नहीं है, मेरीबैल के दांत में दर्द नहीं है, तुम्हारी मां के दांत में दर्द नहीं है। हमारे परिवार में किसी के दांत में दर्द होना असम्भव है।"

अल्बर्ट ने कहा, "आप कभी भी मुझ पर विश्वास नहीं करते।"

"यदि तुम सच बोलोगे तो मैं तुम पर विश्वास करूंगा," उसके पिता बोले।

अल्बर्ट ने उन्हें याद दिलाया, "जब होमर ने कहा था कि उसने खिड़की नहीं तोड़ी तो आपने उसका विश्वास किया था।"

“मैं अल्बर्ट के लिए चिंतित हूं," उसकी मां ने नाश्ते के समय कहा।

"तुम्हें ऐसे बच्चे के लिए चिंतित होना ही चाहिए जो सच नहीं बोलता," उसके पिता ने दफ्तर जाते हुए बोले।

"अल्बर्ट केवल अपने काले चींटे नहीं खाना चाहता," मेरीबेल ने कहा।

होमर बोला, "यदि मेरे दांत में दर्द होता तब भी मैं अपने काले चींटे खाना नहीं चाहता।"

"आकर अपने काले चींटे खा लो," अल्बर्ट की मां ने आवाज दी।

पर अल्बर्ट के कमरे से सिर्फ एक हल्की सी सिसकी ही आई।

मां ने होमर और मेरीबेल को प्यार से विदा किया और अपनी चिंता वाली कुर्सी पर जा बैठी। वह बहुत देर तक चिंता करती रही।

फिर कुछ सोच कर वह काम करने रसोईघर में चली गई।

मां ने अल्बर्ट से कहा, "देखो, मैंने तुम्हारे लिए तुम्हारी पसंदीदा चीजों का नाश्ता बनाया है, बैतूल की नरम छाल, उसपर सूरजमुखी के बीज, एसपन का सूखा पत्ता और आधी हरी इल्ली।"

"मैं कुछ नहीं खा सकता, मेरे दांत में दर्द है," अपनी नाक का कोना चद्दर से बाहर निकाल कर अल्बर्ट बोला।

"नहीं, तुम्हारे दांत से कोई दर्द नहीं है," मां ने कहा।

"आप कभी भी मुझ पर विश्वास नहीं करती," अल्बर्ट ने कहा।

"मैं तुम पर विश्वास करूंगी जब तुम मुझे सच बताओगे," उसकी मां बोली।

अल्बर्ट बोला, "आपने पापा पर विश्वास किया था जब उन्होंने कहा था कि उन्होंने सात पाउंड की ट्राउट मछली को पकड़ा था।"



अल्बर्ट की मां ट्रे को वापस रसोईघर में रखकर बरामदे में लगे अपने चिंता करने वाले झूले पर जा बैठी। वह बहुत देर तक चिंता ही करती रही।

फिर वह एक गेंद लेकर अल्बर्ट के कमरे में गईं। "आओ मेरे साथ कैच खेलो, तुम मुझे स्पिट बाल फेंकना भी सिखा सकते हो," मां ने कहा।

"मेरे दांत में दर्द है, मैं आपको स्पिट बाल फेंकना नहीं सिखा सकता," अल्बर्ट ने उत्तर दिया।

"तुम सिर्फ सोचते हो कि तुम्हारे दांत में दर्द है," मां ने उसे समझाया। "आ जाओ, अगर तुम कोशिश करोगे तो तुम मेरे साथ कैच खेल सकोगे।"

"आप मुझ पर कभी भी विश्वास नहीं करती," अल्बर्ट ने सिसकी लेते हुए कहा। "आपने मेरीबेल पर विश्वास किया था जब उसने कहा था कि उसकी कक्षा में सारी लड़कियों के पास जिप वाले जूते हैं।"

अल्बर्ट की मां ने गेंद को एक कोने में रख दिया और बाहर जाकर सूरज की गर्मी में अपनी चिंता करने वाली शिला पर जा बैठी। वह बहुत देर तक चिंता करती रही।

फिर वह अंदर आई और एक बड़ी सी किताब लेकर अल्बर्ट के कमरे में जा पहुंची। "देखो अल्बर्ट, मैं अपनी डिज़्नीलैंड की तस्वीरों की एलबम लेकर आई हूं, उठ कर बैठो, हम तस्वीरें देखेंगे।"

"मैं उठ कर नहीं बैठ सकता, आप कभी भी मुझ पर विश्वास क्यों नहीं करती?" यह कहते हुए अल्बर्ट की आंख से एक आंसू बह निकला।



अल्बर्ट की मां ने परिवार की एलबम को वापस रख दिया और ड्राइंग रूम में अपने चिंता करने वाले सोफे पर जा बैठी। वो बहुत देर तक चिंता ही करती रही। जब होमर और मेरीबेल वापस आए तब भी वह चिंता ही कर रही थी।

मेरीबेल ने पूछा, "अल्बर्ट कैसा है?"

मां बोली, "वह अभी भी दांत दर्द की शिकायत कर रहा है"।

मेरीबेल बोली, "वह केवल डिलवर्थ डनलप से लड़ाई नहीं करना चाहता था, स्कूल के बाद डिलवर्थ डनलप उसका इंतजार कर रहा था।"

"अगर मेरे दांत में दर्द होता तो भी मैं डिलवर्थ डनलप से लड़ाई करता," होमर बोला।

जब अल्बर्ट के पिता घर वापस आए तो उन्होंने पूछा, "क्या तुम्हारा बेटा अभी भी बिमारी का नाटक कर रहा है."

"हां, काश उसे समझ आए कि वह एक कछुआ है," अल्बर्ट की मां ने कहा।

मेरीबेल बोली, "उसे सिर्फ इतना पता है कि हम रात के खाने में स्लेटी मकड़ी की टांगें खाने वाले हैं"।

"स्लेटी मकड़ी की टांगें तो मैं भी नहीं खाना चाहता," होमर बोला।

रात के खाने के बाद, दादी कछुआ बच्चों के लिए च्विंगम लेकर घर आई।

"क्या मैं अल्बर्ट के हिस्से का च्विंगम खा सकती हूं?" मेरीबेल ने पूछा।

"नहीं, वह तो अल्बर्ट को ही मिलेगी," दादी ने कहा।

"उसे तो च्विंगम नहीं चाहिए होगी। वह कह रहा है कि उसके दांत में दर्द है," मेरीबेल बोली ।

"यह बहुत ही बुरा है," अल्बर्ट की मां ने कहा।

उसके पिता बोले,"क्या आप विश्वास कर सकती हो कि आपका पोता ऐसी बात बोलेगा।"

दादी बोली," तुम सब की समस्या ये है कि तुम कभी भी उस पर विश्वास नहीं करते।"

अल्बर्ट की दादी उसके कमरे में गई और पूछा," मैंने सुना कि तुम्हारे दांत में दर्द है।"

"जी दादी," अल्बर्ट बोला।

"अच्छा बताओ तो कि तुम्हारे दांत में कहां दर्द है?" दादी ने पूछा।

"मेरे बाएं पांव में", चादर से अपने पैर को बाहर निकालते हुए अल्बर्ट ने कहा। "कल मुझे एक छोटे चूहे ने काट लिया था जब गलती से मेरा पैर उसके बिल पर पड़ गया था।"

"कोई बात नहीं, मेरे पास ऐसी चीज है जो इस दांत दर्द का झट से इलाज कर देगी," दादी ने कहा। उन्होंने अपने पर्स में से एक रुमाल निकाला और उसे अल्बर्ट के पैर पर बांध दिया।

अल्बर्ट के बिना दांतो के मुंह पर एक हल्की सी मुस्कान आ गई और वह बिस्तर से बाहर निकल आया।